राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: jdadmn.cce@gmail.com Ph.: 0141-2702247

क्रमांक : एफ1( )प्रशा./आकाशि/2023/259 दिनांकः 18.01.2024

1. समस्त प्राचार्य,
   राजकीय महाविद्यालय/महिला महाविद्यालय/विधि महाविद्यालय राजस्थान।
2. समस्त सहायक निदेशक,
   क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
   राजस्थान।

विषयः– राजकीय महाविद्यालयों/क्षेत्रीय कार्यालयों में अशैक्षणिक कार्मिकों से संबंधित सूचना **विधानसभा प्रश्नों के जवाब** के संबंध में **Spreadsheet** अद्यतन करने बाबत्।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपके महाविद्यालय/कार्यालय में वर्तमान में पदस्थापित कार्यरत अशैक्षणिक कार्मिकों की निर्धारित **Spreadsheet** में अंकित कॉलमवार सूचना **"NON TEACHING STAFF** में दिनांक 19.01.2024 को सांय 4:00 बजे तक आवश्यक रूप से भरने का श्रम करें। इस **Spreadsheet** में किसी भी कार्मिक का स्थानान्तरण या अन्य किसी कारण से पद रिक्त/पदस्थापन परिवर्तन होने अथवा पदों में कमी या वृद्धि होने पर **Spreadsheet** को तत्काल अद्यतन करे। इस स्प्रैडशीट में **POST DATA** में **POST** की सूचना एवं **Employee Data** में **Employee Information** भरी/अद्यतन की जानी है।

आपके महाविद्यालय में एक से अधिक कार्मिक कार्यरत हो तो संबंधित कॉलम में पहले कार्मिक का नाम लिखने के उपरांत **Alt+Enter** दबाकर अन्य कार्मिकों की सूचना उसके नीचे एक ही कॉलम में भरवायें अगर कोई कार्मिक पदस्थापित नहीं है तो संबंधित कॉलम में **"NA"** भरें।

प्रायः यह देखा गया है कि महाविद्यालयों में स्टॉफ की संख्या में कमी/बढ़ोतरी होने पर भी उक्त दोनों शीटों को अद्यतन नही किया जाता है। अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त दोनों स्प्रेडशीटों को महाविद्यालय/कार्यालय में समय–समय पर अद्यतन किया जाना सुनिश्चित करें। अद्यतन नहीं किये जाने या सही सूचना प्राप्त नहीं होने पर प्राचार्य स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उक्त हेतु सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त कर ली गई है।

(प्रो0 अनिल कुमार यादव)
संयुक्त निदेशक प्रशासन

प्रतिलिपि : वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड़ करने हेतु प्रेषित है।

संयुक्त निदेशक प्रशासन